दिल्ली पब्लिक स्कूल जम्मू
सत्र :- 2024-25
अभ्यास कार्य पत्र -3
माह:- अक्टूबर

कक्षा:- सातवी **विषय:- हिंदी**

प्र०1:-निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए :-

विद्याध्ययन मनुष्य जीवन के संघर्ष का प्रथम सोपान है। इसी काल में इसके मस्तिष्क रूपी स्लेट पर जो लिख दिया गया, वह जीवनपर्यंत नहीं मिट सकता। अतः मानव जीवन की पूर्ण सफलता विद्यार्थी जीवन पर ही निर्भर रहती है। यही वह समय होता है, जिसकी नींव पर भावी जीवन की भव्य इमारत खड़ी करनी होती है। विद्यार्थी देश के भावी कर्णधार हैं। अत: प्रत्येक विद्यार्थी का यह कर्तव्य है कि भारतीय संस्कृति के अनुरूप उन जीवनमूल्यों को अपनाए, जिन पर जीवन की सफलता टिकी होती है। इन्ही जीवन मूल्यों से चरित्र का विकास होता है। उत्तम चरित्र के विना विद्यार्थी का जीवन उसी प्रकार है; जैसे सुगंध के बिना पुष्प।

1. 'जीवन के संघर्ष से तात्पर्य है-

क)जीवन को रंगीन बनाना

ख)जीवन को हर परिस्थितियों का सामना करना

ग)जीवन से युद्ध करना

2. नींव की तुलना किससे की है?

क)सफलता से ख)इमारत से ग) विद् यार्थी जीवन से

3. विद्या मानव जीवन के लिए क्यों आवश्यक है?

क)जीवन में सफल होने के लिए

ख) शारीरिक और मानसिक विकास के लिए

ग) उपर्युक्त सभी

4.. उत्तम चरित्र के बिना विद्यार्थी का जीवन कैसा है?

5. उपर्युक्त गठ्यांश का उचित शीर्षक लिखिए

प्र०2:- निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लिखिए:-

क) लोग सगे कब और किस प्रकार बन जाते हैं?

ख) क्वार के महीने के बादल कैसे होते हैं?

प्र०3:-निर्देशानुसार उत्तर लिखिए:-

क) कारक के ....भेद होते हैं। (रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए)

ख) शाम ने पत्र लिखा । (रेखांकित शब्द में कारक भेद का नाम लिखिए)

ग) १) माँ बच्चे को सुला रही हैं । (कारक के भेद का नाम लिखिए)

२) वह साँप से डरता है।

प्र०4:-**गंदगी की सूचना देते हुए नगर निगम अधिकारी को पत्र 60-70 शब्दों में लिखिए।**

प्र०5:-बढ़ती महँगाई को लेकर दो नागरिकों की बातचीत को 8 से 10 पंक्तियाँ संवाद के रूप में लिखिए।

प्र०6:-**निम्नलिखित विषय पर 60-70 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए।**

स्वच्छ भारत अभियान

संकेत बिंदु

•अभियान का उद्देश्य

•अभियान का महत्व

•क्या किया जाना चाहिए

•व्यक्तिगत अनुभव